**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13 फरवरी, 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

**1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि रेडियो ने प्रतिभाओ को मंच देने और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का काम किया है।**

**2. भारतीय जनता पार्टी ने आज फरीदाबाद के सूरजकुंड से अपने महाप्रशिक्षण अभियान की शुरुआत की।**

**3. हरियाणा मे औदियोगिक विकास और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा - अफ्रीका रणनीतिक साझेदारी बैठक आयोजित की गई।**

**4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आम आदमी पार्टी के आरोपों को निराधार बताया।**

**5. लोक निर्माण मंत्री रणवीर गंगवा ने पी एम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी के चेक प्रदान किए।**

---------------------------------------------------------------------------------------------------

आज विश्व रेडियो दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि रेडियो एक ऐसा माध्यम है जो दूर-दराज के गांवों से लेकर व्यस्त शहरों तक लोगों को एक विश्वसनीय आवाज के रूप में सेवाएं देता है।प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वर्षों से रेडियो ने समय पर सूचनाएं पहुंचाने, प्रतिभाओं को मंच देने और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है।अपने कार्यक्रम **'मन की बात'** का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने समाज की शक्ति को उजागर करने में रेडियो क्षमता का अनुभव किया है।प्रधानमंत्री ने नागरिकों से इस महीने की 22 तारीख को प्रसारित होने वाले **'मन की बात'** कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव साझा करने का भी आग्रह किया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

भारतीय जनता पार्टी ने आज फरीदाबाद के सूरजकुंड से तीन सत्रीय प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में अपने महा प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत की।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कार्यशाला की अध्यक्षता से की। जिसमें राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सहित अनेक वक्ताओं ने भाग लिया। फरीदाबाद के सूरजकुंड में प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने जहां व्यवस्था की मजबूती के लिए प्रशिक्षण को जरूरी बताया तो राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने चरणबद्ध तरीके से चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा भाजपा पदाधिकारियों के सामने रखी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न स्तरों पर साल भर चलाए जाएंगे। अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को मजबूती से स्थापित करने के लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की जरूरत पर जोर दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता की सेवा ही संगठन की सेवा है और यही भाजपा का ध्येय है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का

ध्येय सशक्त कार्यकर्ता और सशक्त संगठन है। श्री सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है और अंतिम पायदान तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के विपक्ष के भ्रामक प्रचार और बनाए गए नेरेटिव को तोड़ने में कार्यकर्ता की भूमिका प्रमुख रहती है।

---

हरियाणा मे औद्योगिक विकास और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के उदेश्य से आज सूरजकुंड मे हरियाणा – अफ्रीका रणनीतिक साझेदारी बैठक आयोजित की गई। इस मे 21 अफ्रीकी देशों के उच्चायुकयो ,नीति निर्माताओ और उद्योगों के प्रतिनिधियों ने भाग ले कर निवेश , व्यापार और तकनीकी सहयोग की संभावनाओ की विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि सूरजकुंड की सांस्कृतिक धरती से भारत- अफ्रीका साझेदारी के नए अध्याय की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा की भारत अफ्रीका संबंध समानता, पारस्परिक सम्मान और साझा विकास के सिद्धांतो पर आधारित है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप हरियाणा भी अफ्रीकी देशों के साथ दीर्घकालिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक मे मिस्र, घाना ,गिनी , नाइजीरिया ,तंजानिया ,रवांडा ,जिम्बाब्वे सहित अनेक अफ्रीकी देशों के राजनयिकों के अलावा विदेश मंत्रालय और हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उदेश्य संस्थागत संवाद के माध्यम से निवेश को प्रोत्साहन करना और दीर्घकालिक भारत – अफ्रीका आर्थिक साझेदारी को मजबूत बनाना था।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आम आदमी पार्टी के विधायक नरिंदर कुमार भारज और मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू द्वारा उनसे संपर्क किए जाने की आरोप को निराधार बताया है।पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा –

हरियाणा ऊर्जा परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कैथल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की शिकायतें सुनी। बैठक में कुल 15 शिकायतों को सुना गया जिनमें 9 पुरानी और 6 नई शिकायतें शामिल थी। शिकायतकर्ता नीतू मौण द्वारा अपने भाई की हत्या के मामले में श्री अनिल विज ने कहा कि पुलिस को सिस्टम से चलना पड़ता है। उनका मामला सीबीआई को स्थानांतरित किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में श्री अनिल विज ने कहा -

---

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने आज हिसार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के 80 लाभार्थियों को 50-50 हजार रुपए के सब्सिडी के चेक वितरित किए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा-

श्री गंगवा ने बताया –

श्री गंगवा ने कहा कि आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहन बढ़ेंगे, जिसकी वजह से बिजली की मांग भी बढ़ेगी।इस लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना बहुत लाभकारी है।सब्सिडी का चेक पाने वाले सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी आदेश कुमार ने बताया –

---

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कहा है कि महिला सुरक्षा हरियाणा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और महिला विरुद्ध अपराधों के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे कल पंचकूला पुलिस मुख्यालय में महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम एवं लंबित मामलों की समीक्षा को लेकर राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समयबद्ध जांच सुनिश्चित करना तथा गृह मंत्रालय के आई टी एस एस ओ पोर्टल पर लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण की रणनीति तैयार करना था। बैठक में 13 जिलों के नोडल अधिकारियों एवं महिला थानों की एस एच ओ ने भाग लिया। श्री सिंघल ने निर्देश दिए कि दुष्कर्म तथा पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज सभी मामलों की जांच 60 दिनों के भीतर पूर्ण की जाए, ताकि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिल सके और न्याय व्यवस्था में उनका विश्वास सुदृढ़ हो।

---